# डमरू बाजे कैलाश में | By Sanjay Chauhan |

आज तो कैलाश में बाज रहे डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

शिव जी के सिर पर गंगा विराजे
कानों में शिव जी के कुंडल साजे
पाँव में शिव जी के बाज रहे घुंघरू
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

आज तो कैलाश में बाज रहे डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

शिव जी भी नाचे, संग गौरा जी भी नाचे
गणपति नाचे, संग ऋद्धि सिद्धि नाचे
भूत प्रेत संग, नंदी गण नाचे
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

आज तो कैलाश में बाज रहे डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

ब्रह्मा जी शिव को माला पहनावें
विष्णु जी शिव जी की स्तुति गावें
नाच रहे नारायण, बाज रहे वेदु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

आज तो कैलाश में बाज रहे डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

लक्ष्मी जी नाचे और पार्वती नाचे
सरस्वती नाचे, संग नारद जी नाचे
नाच रहे देव सब बजा कर डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

आज तो कैलाश में बाज रहे डमरु
नाच रहे भोला शंभू, बाज रहे घुंघरू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b6-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-sanjay-chauhan/